अति हरि कृपा जाहि पर होई । पाउँ देइ एहिं मारग सोई ॥
मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही । कवन भाँति समुझावौं तोही ॥
|| Ram Katha 959 - ※मानस हरि भजन || Little Rock, Arkansas, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 350 | इंदौर, शनिवार 05 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 57 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली अर्जेंटीना यात्रा

### 'भारत माता की जय' के साथ हुआ PM मोदी का स्वागत



नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार देर शाम अपनी दो दिवसीय दौरे के तहत अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंचे, जहां उनका भव्य पारंपरिक स्वागत किया गया. एजीजा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.

इसके बाद जब वह होटल पहुंचे तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारों से उनका जोरदार स्वागत किया. सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम के साथ प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया. यह यात्रा कई मायनों में अहम है क्योंकि 57 वर्षों बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री द्विपक्षीय यात्रा पर अर्जेंटीना पहुंचा है. इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में G20 शिखर सम्मेलन के लिए अर्जेंटीना की यात्रा की थी लेकिन यह उनकी पहली आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने X (ट्विटर) पर लिखा,"हमारे देशों के बीच स्थायी मित्रता का जश्न मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधिकारिक यात्रा पर अर्जेंटीना के जीवंत शहर ब्यूनस आयर्स पहुंचे हैं. हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया. यह 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा अर्जेंटीना की पहली द्विपक्षीय यात्रा है, जो भारत-अर्जेंटीना संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत है."

### सिंगरौली में बोले सीएम

## दिवाली के बाद बहनों को हर महीने मिलेंगे 1500 रुपये, मेडिकल कॉलेज की भी सौगात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली के सरई गांव में आयोजित महिला सशक्तिकरण एवं जनजातीय गौरव सम्मेलन में अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए कहा कि दीपावली के बाद प्रदेश की सभी लाडली बहनों को हर माह 1500 रुपये दिए जाएंगे। वहीं रक्षाबंधन से पहले 250 रुपये शगुन राशि के रूप में सभी पात्र बहनों के खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बहनों की आर्थिक सशक्तिकरण को राज्य सरकार की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि सिंगरौली को जल्द ही मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जाएगी, जिससे अगले साल से यहां से डॉक्टर भी निकल सकेंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने 503 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले 54 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिसमें सड़कों, स्कूल भवनों, अस्पताल और जल योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आदिवासी समुदाय और महिलाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना जैसी योजनाओं से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य सरकार ने अब तक 62 लाख बहनों के 5 लाख स्व-सहायता समूहों को वित्तीय सहयोग प्रदान किया है। साथ ही 51 लाख से अधिक लाडली बेटियों को छात्रवृत्ति सहित अनेक योजनाओं का लाभ दिया गया है।

### बात मुद्दे की...

# क्या हमारा समाज अगली सदी तक रहेगा ही नहीं?





**एक गहन आत्ममंथन, समाज की आंखें खोलने वाला लेख -**

समाज के चारों ओर अंधकार ही अंधकार
बेटियाँ 30–35 की उम्र तक कुंवारी।
बेटे भी 35 पार कर चुके, लेकिन विवाह नहीं।
शादी होती है तो देरी से
बच्चे होते हैं तो एक ही
और फिर तलाक़ टूटे हुए परिवार
वृद्ध माता-पिता अकेले
और पूरी पीढ़ी खोखली।
क्या हम इसे "शिक्षित समाज" कहें? या आत्मघाती समाज?

जनसंख्या घटने की चुपचाप चलती साजिश
एक उदाहरण से समझिए:
आज समाज में 100 लोग हैं = 50 जोड़े।
यदि हर जोड़ा सिर्फ एक ही संतान पैदा करता है,
तो अगली पीढ़ी में अधिकतम 45-46 संतानें (कुछ निःसंतान जोड़े मान लें)।
फिर वे भी एक-एक संतान करें — तो अगली पीढ़ी में 20–22।
और तीसरी पीढ़ी में समाज शून्य के करीब।
यह कोई अनुमान नहीं — यह गणित है, और यह हो चुका है!
आज समाज के गांव उजड़ चुके हैं।
शहरों में बड़ी इमारतें हैं, पर उनमें कोई 'हिंदू' नहीं बचा।
क्यों नई बहुएँ एक ही संतान चाहती हैं?
ताकि जिंदगी का "आनंद" ले सकें।
ताकि करियर न रुके।
ताकि "डिलीवरी" में शरीर न बिगड़े।
और कहीं कोई "वांझोटी" न कहे, इसलिए बस एक बच्चा — वो भी देर से।
क्या यही धर्म है?
क्या यही समाज का भविष्य है?

सच यह है कि संतान अब 'सोशल प्रूफ' बन चुकी है - स्नेह नहीं।
बच्चे अब प्यार का परिणाम नहीं,
समाज को दिखाने की वस्तु बन चुके हैं।
यह सोच मूल्यहीन है, धर्महीन है, और भविष्यविहीन है।
सबसे बड़ा दोष लड़के लड़की के पिता का है!
वही पिता, जिसने खुद 22–25 की उम्र में विवाह कर लिया था।
पत्नी के साथ समय बिताया, परिवार बसाया, संतान पाई।
आज वही अपनी बेटे बेटी को 30 तक कुंवारी रखता है —
कभी करियर के नाम पर,
कभी "बढ़िया लड़का नहीं मिल रहा" कहकर,
तो कभी दहेज व प्रतिष्ठा का हवाला देकर।
बेटी को सिर पर बैठाकर, आपने उसे रिश्तों से दूर कर दिया।
अब वही बेटी अवसाद में, IVF में, या तलाक़ में जा रही है।
आज हिंदू समाज में क्या चल रहा है?
विवाह की औसत आयु: लड़के – 32 वर्ष, लड़की – 29 वर्ष
औसतन संतान: 1 या 0.5 प्रति दंपत्ति
डिवोर्स रेट: भारत में सबसे तेज वृद्धि दर कर रहा है हिन्दू समाज में।
प्रजनन क्षमता की समस्या: हर 4 में 1 दंपत्ति को संतान होने में समस्या।
विवाह योग्य युवक/युवतियाँ कुंवारे — हजारों की संख्या में
और समाज के अध्यक्ष क्या कर रहे हैं?
मौन।
समाज के मूलभूत संकट पर कोई चर्चा नहीं।
विवाह, परिवार और संतान को त्याज्य मान लिया गया है।
लेकिन यह धर्म नहीं — पलायन है!

विवाह भी एक धार्मिक कर्तव्य है - यह कोई सांसारिक बंधन नहीं,
बल्कि वंश और धर्म की निरंतरता का माध्यम है।
हमने क्या किया? — एक आत्म-स्वीकृति
बेटी को "राजकुमारी" बनाकर विवेक से वंचित किया।
बेटे को जिम्मेदारी से दूर कर दिया।
विवाह को टालते रहे,
और जब किया तो देरी से — शरीर साथ नहीं देता।
जब बच्चे हुए — तो सिर्फ एक।
और जब रिश्ता बिगड़ा —
तो बेटी अकेली, बेटा टूट गया, और घर बिखर गया।
अब क्या करना होगा?
समय पर विवाह को अनिवार्य बनाएँ।
22 के बाद पुत्र, 20 के बाद पुत्री — विवाह हो जाना चाहिए।
एक नहीं, कम से कम तीन संतानें — यह आवश्यक है।
"बस एक बच्चा" — यह मानसिकता समाज को शून्य पर ला रही है।
अध्यक्षों और प्रबुद्धजन को सामाजिक विषयों पर बोलना ही होगा।
समाज का विनाश धर्म से भी बड़ा प्रश्न है।
लड़की के पिता को अब सजग होना होगा।
अपेक्षाएँ नहीं, समझदारी लानी होगी।
बेटी की जिंदगी बचानी है तो समय पर विवाह कराओ।
अंतिम चेतावनी —अभी भी नहीं जागे तो इतिहास में रह जाएगा 'हिन्दू समाज'
ना युवक होंगे, ना युवतियाँ
ना संतानें होंगी, ना संस्कार
ना समाज होगा, ना मंदिर

-एमआरपी
प्रबंध संपादक -DGR ग्रुप

### सफाई व्यवस्था और भोजन बनाने के मापदंडों पर खरे उतरे...

# रणजीत हनुमान मंदिर के अन्नक्षेत्र को अवार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर में संचालित अन्नक्षेत्र को राष्ट्रीय अवार्ड मिला है। यह अवार्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दिया गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि श्री रणजीत हनुमान मंदिर में संचालित होने वाले अन्नक्षेत्र को उत्कृष्ट भोजन एवं सुव्यवस्था के लिए अवार्ड दिया गया है।**

इसे मंदिर की ओर से कलेक्टर आशीष सिंह, पं. दीपेश व्यास और महाप्रबंधक एनएच राजपूत ने ग्रहण किया। पं. व्यास ने बताया कि अन्न क्षेत्र में सफाई व्यवस्था कैसी है। भोजन कैसे बनता है। खाने में



कौन सा और किस क्वालिटी का सामान इस्तेमाल किया जाता है। मंदिर का स्टाफ कैसे काम करता है। यह सभी देखा गया। इस अवसर पर एडीएम रोशन राय भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता की गतिविधियों के लिए फतेहाबाद- चंद्रावती गंज एवं गौतमपुरा रोड रेलवे स्टेशन, अन्नपूर्णा मंदिर एवं रंजीत हनुमान मंदिर, ग्रैंड शेरटन, रेडिसन, मैरियट होटल, गीता भवन हॉस्पिटल, रजत जयंती कॉम्प्लेक्स, द हब चौपाटी और चोइथराम नॉर्थ कैंपस, शासकीय सांदीपनि नवीन कन्या विद्यालय, शासकीय मिडिल स्कूल सुभाष नगर और शासकीय मिडिल स्कूल चितावद को "ईट राईट" गतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए सम्मानित किया।

## आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेला 7 जुलाई को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राज्य शासन की मंशा अनुसार जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों हेतु युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उदेश्य से एक संयुक्त रोजगार मेला (युवा संगम) जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय (युवा संगम) रोजगार मेले का आयोजन 07 जुलाई 2025 सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नन्दानगर इन्दौर में किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रकिया बाबत मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनीयां जैसे फार्मा ग्रोथ, औशियन मोटर्स, निलान्चल इन्फा, श्यामटाटा मोटर्स, आईसेक्ट, मिग्मा पेट्रोन, एयर विन्सीबल, डीटी इण्डस्ट्रीज, शैफाली बिजनेश सोल्यूसन आदि के 550 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन हेतु उपस्थित रहेगी। जिसमें लेखापाल, टीम लीडर, एचआर, सैल्स, बीपीओ, टेक्नीशियन (फिटर/इलेक्ट्रीशियन/टर्नर/कोपा). पेकर/लोडर, मार्केटिंग आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनीयों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे।

उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उत्तीर्ण एवं तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों भी आवश्यक रूप से साथ लायें।

# इंदौर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इंदौर जिले के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतीक स्वरूप कुछ विद्यार्थियों को 25 हजार रुपए के चेक दिए।**



उन्होंने कहा कि नई मंजिल तुम्हारा इंतजार कर रही है। अपना लक्ष्य तय करो और आगे बढ़ो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह आप लोगों के लिए बहुत अच्छा अवसर है। इंदौर जिले में 5312 मेधावी विद्यार्थी हैं। जिन्हें लैपटॉप खरीदने के लिए 13 करोड़ 28 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। औपचारिक कार्यक्रम के बाद अन्य विद्यार्थियों को जिला स्तर पर राशि के चेक दिए जाएंगे। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों को राशि के चेक वितरण किए और विद्यार्थियों को संबोधित किया। भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बाल विनय मंदिर इंदौर सहित जिले के सभी विकासखंडों में किया गया। विकासखंड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिनमें संबंधित क्षेत्र के विधायक और अधिकारी शामिल हो रहे हैं। सभी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### आरटीओ ने पालदा तिराहे पर बसों पर की कार्यवाही

# अवैध रूप से खड़ी 4 बसें की जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहन, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। आज पालदा से नायता मुंड़ला रोड पर सघन चेकिंग की गई। जिसमें वाहनों के फ़िटनेश, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों, बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसों पर कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान मुसाखेड़ी रिंग रोड पर बसें बीच रोड पर मरम्मत, सफ़ाई का काम करवाते और सवारियों को बैठाते हुए पाई गई। बीच रोड पर बसों की साफ सफाई, मरम्मत से आम जन को हो रही असुविधा, ट्रैफिक जाम की स्थिति होने से सिद्धिविनायक ट्रेवल्स, सोमनाथ ट्रेवल्स और हंस ट्रेवल्स की कुल चार बसों को जब्त कर आरटीओ कार्यालय इंदौर में रखा गया। इन बसों से पालदा तिराहे पर जाम लग जाता था। ट्रेवल्स, बस संचालकों ने आरटीओ को आश्वासन दिया कि वे अब पालदा तिराहे से ना जाकर आर ई टू मार्ग से आरटीओ ऑफिस होकर बस चलायेंगे, जिससे जाम ना लगे। आरटीओ ने निर्देशित किया कि वह अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाएं, अन्यथा बसें जब्त की जाएगी।



## हाई वोल्टेज बिजली की मांग बढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बीते 12 महीनों में उद्योगों की बिजली की जरूरतें बढ़ी हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार औद्योगिक उच्चदाब (HT) कनेक्शनों की बिजली खपत में 8.5% की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान कंपनी ने कुल 834 करोड़ यूनिट बिजली की सप्लाई की, जो पिछले साल की तुलना में 64 करोड़ यूनिट ज्यादा है। कंपनी के एमडी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि एक साल में उद्योगों को मिलने वाले हाई वोल्टेज कनेक्शन 250 बढ़कर अब 4790 हो गए हैं। इनमें से सबसे ज्यादा, यानी 3200 से अधिक कनेक्शन इंदौर के आसपास स्थित हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ नए कनेक्शन ही नहीं, पुराने कनेक्शनों पर भी बिजली की खपत बढ़ी है, जिससे साफ है कि उद्योगों का उत्पादन और जरूरत दोनों बढ़ी हैं।

## वारदाना व्यापारी की जहर खाने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। छावनी मंडी में वारदाने का काम करने वाले व्यापारी 50 वर्षीय राजेश शर्मा ने गुरुवार देर शाम मूसाखेड़ी स्थित अपने घर पर जहर खाकर आत्म हत्या कर ली। जहर खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर राजेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हुई है। राजेश के पड़ोसियों ने बताया कि राजेश शादी न होने के कारण तनाव में रहता था। उसके पिता का निधन 10 साल पहले हो गया और बुजुर्ग मां उसके साथ रहती थी। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मेडिकल कॉलेज फर्जीवाड़ा

# DAVV के पूर्व कुलपति भी आरोपी

## इंडेक्स के चेयरमैन को मंत्रालय का अधिकारी बताता था- कब कौन करेगा निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सीबीआई ने रावतपुरा सरकार के भ्रष्टाचार के मामले में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश भदौरिया और यूजीसी के पूर्व चेयरमैन और DAVV के पूर्व कुलपति डीपी सिंह को आरोपी बनाया है। सीबीआई ने माना है कि भदौरिया फर्जी तरीके से कॉलेजों को मान्यता दिलाने और रिन्यू कराने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। इसके बदले मोटी दलाली भी वसूल रहे थे। जांच एजेंसी ने एफआईआर में इसका जिक्र किया है।**

मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के कांड में सीबीआई का शिकंजा अब कसता जा रहा है। इस मामले में रावतपुरा सरकार उर्फ रविशंकर महाराज के साथ ही 35 नामजद के खिलाफ केस दर्ज है। इन सभी पर भ्रष्टाचार का आरोप है।

मामले में देवी अहिल्या के पूर्व कुलपति डीपी सिंह का नाम सामने आया है। वे भी आरोपी हैं। वर्तमान में वे टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चांसलर हैं। अप्रैल 2024 में यहां चांसलर बनने से पहले वह यूजीसी के चेयरमैन थे। इस पद के पहले वह इंदौर के देवी अहिल्या विवि के कुलपति पद पर रहे थे। वे बीएचयू के भी कुलपति रह चुके हैं। उन पर आरोपी है कि रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज को एनएमसी की पॉजिटिव रिपोर्ट दिलवाने में उन्होंने भूमिका निभाई। सीबीआई पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।



सीबीआई ने मेडिकल कॉलेजों को घूस लेकर मनमाफिक मान्यता दिलवाने पर इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश भदौरिया सहित 35 लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में गहरी पैठ बनाकर भदौरिया कॉलेजों को फर्जी तरीके से मान्यता दिलाने और रिन्यूअल में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। इसके बदले वह मोटी रकम वसूलता था।

एफआईआर में मंत्रालय के अधिकारी चंदन कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। वह भदौरिया को एनएमसी निरीक्षण से जुड़ी गोपनीय जानकारी देता था, जैसे- कब टीम आएगी, कौन सदस्य होंगे, निरीक्षण की तारीख आदि। 30 जून को केस दर्ज होते ही भदौरिया अंडरग्राउंड हो गया है।

सीबीआई की जांच रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज से शुरू हुई थी। यहीं से पूरे देश में फैले मेडिकल कॉलेजों के नेटवर्क का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि 40 से अधिक कॉलेज ऐसे हैं जो मान्यता के इस फर्जीवाड़े में शामिल हैं। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज का नाम भी इसी दौरान सामने आया। एफआईआर में भदौरिया को 25वें नंबर का आरोपी बनाया गया है।

जांच में यह भी पता चला कि एनएमसी से सांठ-गांठ के लिए एक बड़ा दलाल नेटवर्क सक्रिय है। इसमें भदौरिया और रावतपुरा सरकार उर्फ रविशंकर महाराज की साझेदारी थी। दोनों भिंड के लहार के रहने वाले हैं। इंडेक्स ग्रुप के तहत मेडिकल, डेंटल, फार्मेसी, पैरामेडिकल और मैनेजमेंट कॉलेज शामिल हैं, जो मालवांचल यूनिवर्सिटी से संबद्ध हैं। भदौरिया इस यूनिवर्सिटी और मयंक वेलफेयर सोसायटी का संचालन करते हैं।

भदौरिया पर आरोप हैं कि वे कॉलेजों के चेयरमैन और डायरेक्टर से 3 से 5 करोड़ रुपए लेकर अनुकूल मान्यता दिलवाते थे, चाहे संस्थान एनएमसी के मानकों पर खरे न उतरते हों। भदौरिया ने कॉलेज में अस्थायी डॉक्टरों की नियुक्ति की और एनएमसी निरीक्षण के वक्त उन्हें स्थायी फैकल्टी बताया। इसके लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में फिंगरप्रिंट क्लोन कर फर्जी थंब इंप्रेशन बनाए गए और रेगुलर अटेंडेंस दर्शाई गई।

# विजय नगर में सड़क धंसी ड्रेनेज लाइन में रिसाव

## लोगों ने मेट्रो प्रोजेक्ट के बैरिकेड्स लगाकर किया सुरक्षित, दो घंटे देर से पहुंची निगम की टीम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के विजय नगर क्षेत्र स्कीम 54 में गुरुवार दोपहर सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया। जिससे गहरा गड्ढा बन गया। इस दौरान लोगों की तत्परता से दुर्घटना टल गई। उन्होंने तुरंत मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के बैरिकेड्स लगाकर स्थल को सुरक्षित किया, ताकि कोई हादसा न हो।

रहवासी रितेश ने बताया कि कुछ दिन पहले ही क्षेत्र में ड्रेनेज लाइन का काम किया गया था। शुक्रवार सुबह से ही पानी रिसने लगा और दोपहर तक सड़क धंस गई। इस पर लोगों ने तुरंत नगर निगम अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन वे करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंचे। इस बीच लोगों ने मेट्रो प्रोजेक्ट के बैरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक रोका।

रहवासियों ने सड़क धंसने के पीछे खराब गुणवत्ता वाले ड्रेनेज काम को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही पानी रिस रहा था, लेकिन नगर निगम की टीम देर से पहुंची। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। क्षेत्र में यातायात भी बाधित रहा और नागरिकों ने बार-बार की जा रही शिकायतों के बावजूद नगर निगम की लापरवाही पर चिंता जताई। बाद में निगम अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। साथ ही मरम्मत का काम शुरू कर यातायात बहाल करने की कोशिश की गई। उधर नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक यह कोई बड़ा हादसा नहीं था। सड़क का यह हिस्सा 20 साल पुराना है, इसलिए धंसा। तत्काल उस हिस्से को भरकर मरम्मत काम शुरू कर दिया है। लोगों ने हाल ही में किए गए ड्रेनेज कामों की गुणवत्ता की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों।

# शराब दुकान पर खड़े युवक पर तानी पिस्टल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र की एक शराब दुकान पर तीन दिन पहले एक बदमाश ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। वह भीड़ में पिस्टल लेकर लोगों के पीछे दौड़ा, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।**

घटना 1 जुलाई की सुबह की है। छोटा बागड़दा इलाके का बदमाश निक्की यादव शराब दुकान के पास खड़ा था। तभी लाल रंग की स्कूटी पर दो नकाबपोश युवक वहां पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने पिस्टल निकाली और निक्की पर तान दी। निक्की वहां से भागा तो आरोपी उसके पीछे दौड़ा और हवा में कई राउंड फायर किए। गोली चलने से आसपास मौजूद लोग डरकर भागने लगे। घटना के बाद आरोपी अपने साथी के साथ स्कूटी पर बैठकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, फायरिंग करने वाला बदमाश पप्पू उर्फ जितेन्द्र हो सकता है, जिसका निक्की से पुराना विवाद चल रहा है। पुलिस मामले को आपसी रंजिश मानकर जांच कर रही है। आरोपी अभी फरार है।

### अस्पताल कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाले एक अस्पताल के कर्मचारी 38 वर्षीय रतनदीप पुत्र सेवाराम सूर्यवंशी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर रतनदीप को एमवाय अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। रतनदीप के भाई विमल दीप ने पुलिस को बताया कि भाई का गुरुवार को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उन्होंने दवाई खाई, इसके कुछ देर बाद उनके मुंह से झाग निकला और वे बेसुध हो गए। इसके बाद परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। रतनदीप के परिवार में एक बेटी, दो भाई है। वह परिवार से अलग रहते थे।

# डॉग के पिल्ले के साथ इंस्ट्राग्राम पर वीडियो बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सोशल मीडिया पर अज्जू भाई नाम से अकाउंट चलाने वाले कंटेंट क्रिएटर के खिलाफ पीपल फॉर एनिमल की इंदौर इकाई के अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर और एनिमल वेलफेयर बोर्ड को शिकायत की है। जैन ने शिकायत में लिखा कि रील बनाने के लिए अज्जू ने स्ट्रीट डॉग के पिल्ले को बार-बार गले से पकड़कर परेशान किया है। इससे उसे गंभीर चोट लग सकती थी। उन्होंने कहा कि पिल्ले के साथ यह बर्ताव गलत है। जैन ने लिखा कि तीन इमली बस्ती में रहने वाले अज्जू की आईडी से इंस्ट्राग्राम पर एक वीडियो लोड किया गया है।



जिसमें ऑटो ड्राइवर अज्जू पिल्ले को परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा कि अज्जू ने कुछ दिन पहले एक विदेशी नागरिक का भी गलत तरीके से वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर लोड किया है। ऑटो से गंतव्य तक छोड़ने के दौरान अज्जू उसका मजाक उड़ाते रहा। इसके चलते उसे सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया था।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

सबको शिक्षा ही हमारा विकास मंत्र : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# हम बनाएंगे प्रदेश का नया और उज्जवल भविष्य

### मुख्यमंत्री ने किया 94234 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए 235 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि का अंतरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास की धुरी है और 'सबको शिक्षा' ही राज्य सरकार का विकास मंत्र है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के हर बच्चे तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने के हरसंभव प्रयास किए हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को नई तकनीक और नई शिक्षा पद्धति से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य की नींव भी रखी जा रही है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप देकर हम प्रदेश का एक बेहतर और स्वर्णिम भविष्य गढ़ने जा रहे हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 235 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को 25-25 हजार रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए हस्तांतरित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगले साल से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के स्थान पर 25 हजार रुपए मूल्य के और अधिक गुणवत्ता वाले अपडेटेड लैपटॉप देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मंच से 15 मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने खुद सेल्फी लेकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रतिभाओं को सम्मान देना और स्वर्णिम भविष्य की संभावनों को पोषित करना और हर संभव सहायता करना प्रदेश सरकार का दायित्व है। योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि दी गई है, उनमें 60 प्रतिशत छात्राएं और 40 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बेटियां चुनौतियों को पार करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। 15 साल पहले शुरू हुई इस योजना का लाभ अब तक 4 लाख 32 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मिल चुका है। इस दौरान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण पर 1080 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि खर्च की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूल शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष शासकीय स्कूलों में बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 52 प्रतिशत और निजी स्कूलों में 48 प्रतिशत रहा है। वर्ष 2025 में सरकारी स्कूलों के लगभग 49 हजार और निजी स्कूलों के 44 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप का लाभ मिला है। यह योजना 2009 में शुरू की गई थी, तब 85 प्रतिशत प्राप्तांक की सीमा तय की गई थी और मात्र 500 विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि बांटी गई थी, लेकिन आज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की संख्या 94 हजार 234 हो गई है। राज्य सरकार ने बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर हाल ही में 15 हजार 600 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के लिए स्कूल में मिला पुरस्कार जीवन भर याद रहता है। पुरस्कार स्वरूप पुस्तकें भी दी जानी चाहिए, क्योंकि पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी साथी होती हैं।

### इन 15 मेधावी विद्यार्थियों को मिला लैपटॉप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेधावी विद्यार्थी मैहर जिले के प्रियल द्विवेदी (492 अंक), सतना जिले के हर्ष पाण्डे (490 अंक), रीवा जिले के अंकुर यादव (489 अंक), सीधी जिले के अभय सिंह (489 अंक), रीवा जिले के आर्यन पाण्डे जिला रीवा (488 अंक), शहडोल जिले की कु. हिना देवी (488 अंक), भोपाल जिले की कु. निशु पंडित (487 अंक), भोपाल जिले के प्रांजल कुशवाह (487 अंक), छिंदवाड़ा जिले के हरिओम साहू (486 अंक), डिण्डोरी जिले के रघुवीर गौतम (484 अंक), दमोह जिले की कु. गार्गी अग्रवाल (484 अंक), सीधी जिले के दिव्यांशु तिवारी (484 अंक) सतना जिले की कु. दीपिका सिंह (483 अंक), सीहोर जिले के पार्थ राठौर (483 अंक) एवं भिण्ड जिले की कु. योग्यता टंक (478 अंक) को मंच से लैपटॉप प्रदान किए। इन विद्यार्थियों ने कुल 500 अंकों में से ये अंक पाए हैं। स्वागत उद्बोधन में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि लैपटॉप के तहत गत वर्ष की संख्या से इस वर्ष करीब 4500 से अधिक विद्यार्थी बढ़ गए हैं। यह तथ्य साबित करता है कि हमारे शासकीय स्कूलों में कितनी अच्छी और बेहतर तरीके से पढ़ाई कराई जा रही है।

## धीरेंद्र शास्त्री के जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** बागेश्वर महाराज पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 29वें जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को बागेश्वर धाम में देश-विदेश से आए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रातः काल से ही भक्तजन बागेश्वर बालाजी भगवान के दर्शन कर रहे हैं और बागेश्वर महाराज की लंबी उम्र की कामना कर रहे हैं। धाम पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धाम पर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, परिक्रमा और अखंड रामधुन जैसे धार्मिक अनुष्ठान हुए। कई श्रद्धालु भक्तजनों हनुमान चालीसा का पाठ कर, परिक्रमा, अखंड रामधुन, सुंदरकांड का पाठ करते रहे। जन्मदिन के अवसर पर धाम पर श्रद्धालुओं को शुद्ध घी से बना हुआ भंडारा प्रसाद ग्रहण कराया गया।

## तहसीलदार को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** जिले के कुबरी गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे नायब तहसीलदार रोशन रावत पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की गई। गनीमत है कि वह बाल-बाल बच गए। घटना के समय 40 से 50 ग्रामीण मौजूद थे। मामले में रामनगर थाने में शिकायत की जा रही है। नायब तहसीलदार रावत के मुताबिक, मैं तीन पटवारियों के साथ मुन्नी बाई रजक की शिकायत पर अतिक्रमण हटाने गया था। इस बीच गांव में अवैध रेत खनन की गतिविधि दिखी। मैंने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। हम लोग जब उनसे पूछताछ कर रहे थे, तभी ट्रैक्टर के ड्राइवर रावेंद्र उर्फ नेपाली ने मुझे और मेरी टीम को कुचलने की कोशिश की और सड़क पर रेत गिराते हुए भाग गया। मैंने और मेरी टीम ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।

## सांसद बोले- बच्चों, लैपटॉप खरीदने के लिए पिता से लड़ना पड़ेगा, आज नहीं खरीदा तो तुम्हारे पिता गांजा फूक लेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी। सांसद जनार्दन मिश्रा एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। इस बार उन्होंने कहा कि अगर बच्चों ने जल्द लैपटॉप नहीं खरीदा तो उनके पिता इस पैसे से 'चोंगी (गांजा) फूंक लेंगे'। सांसद का यह बयान अब चर्चा का विषय बन गया है।**



दरअसल, सांसद शुक्रवार को रीवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। जहां राज्य सरकार की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 12वीं कक्षा के टॉपर्स के खाते में 25-25 हजार की राशि ट्रांसफर की जानी थी। रीवा में भी 200 से अधिक छात्र-छात्राओं के खाते में यह राशि डाली जानी थी। इस मौके पर सभी विद्यार्थी मार्तंड क्रमांक-1 स्कूल में एकत्रित हुए थे।जानकारी के मुताबिक, इस योजना के तहत पूरे मध्यप्रदेश के 94,234 छात्रों के बैंक खातों में 25-25 हजार रुपए की राशि लैपटॉप के लिए ट्रांसफर की गई है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा, "आज शाम तक आपके खाते में लैपटॉप खरीदने के लिए राशि आ जाएगी। लेकिन यह कहना मुश्किल है कि कितने बच्चे लैपटॉप खरीदेंगे। किसी के पिता उन्हें लैपटॉप नहीं खरीदने देंगे। अगर बच्चों को लैपटॉप खरीदना है तो अपने पिता से लड़ना पड़ेगा। अगर आज लैपटॉप नहीं खरीदा तो तुम्हारे पिता चोंगी (गांजा) फूंक लेंगे।" सांसद ने वहां मौजूद अधिकारियों से यह भी कहा कि उन्हें लैपटॉप की खरीदी की पूरी सूची चाहिए, जिसमें कितने बच्चों ने कब-कब लैपटॉप खरीदा, इसका पूरा ब्योरा हो।

शहडोल में शिक्षा विभाग का ऑयल पेंट घोटाला

# 24 लीटर पेंट की रंगाई में तीन लाख खर्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में शिक्षा विभाग का एक नया घोटाला सामने आया है, जिसने न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि भ्रष्टाचार की परतें भी खोल दी हैं। शहडोल जिले के ब्यौहारी स्थित दो सरकारी स्कूलों में ऑयल पेंट खरीदने के नाम पर खर्च किए गए पैसे ने सबको चौंका दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इन बिलों ने इस विवाद को और भी बढ़ा दिया है।**

### पहला मामला: हाई स्कूल सक्कन्दी, ब्यौहारी

हाई स्कूल सक्कन्दी में सिर्फ चार लीटर ऑयल पेंट की खरीद की गई थी, जिसकी कीमत 784 रुपये बताई गई है (196 रुपये प्रति लीटर)। वहीं इस पेंट को दीवार पर लगाने के लिए 168 मजदूरों और 65 मिस्त्रियों को काम पर लगाया गया, जिनका कुल भुगतान 1,06,984 रुपये पहुंच गया। यह खर्च केवल 4 लीटर पेंट लगाने के लिए किया गया, जिससे यह सवाल उठता है कि आखिर ये मजदूर और मिस्त्री किस काम के लिए लगाये गए थे।

### दूसरा मामला: उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, निपानिया ब्यौहारी

दूसरे मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपानिया में कुल 20 लीटर पेंट खरीदा गया था, लेकिन यहां की स्थिति और भी चौंकाने वाली है। 275 मजदूरों और 150 मिस्त्रियों को लगाया गया, जिनका कुल भुगतान 2,31,650 रुपये तक पहुंच गया। इस खर्च में खिड़कियों और दरवाजों की रंगाई का भी खर्च शामिल है, जो कि 20 लीटर पेंट के मुकाबले कहीं ज्यादा है।

### एक ही कांट्रेक्टर, एक ही तरीका

इन दोनों मामलों में एक ही ठेकेदार सुधाकर कंस्ट्रक्शन का नाम सामने आया है। खास बात तो यह है कि दोनों बिल 5 तारीख पांचवां महीना 2025 में कटे हैं। जिसने इन कार्यों के लिए भुगतान प्राप्त किया है। बिलों पर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर और सरकारी सील भी लगी हुई है, जो कि इस मामले की गंभीरता को और बढ़ा देती है।

### प्रशासन की चुप्पी और सवालों के घेरे

सुग्रीव शुक्ला, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सक्कन्दी कैमरे से बचते हुए इस मामले पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं, फूल सिंह मारपाची, जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल बिल मामले में हमने जांच शुरू करवा दी है। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# संपादकीय

## महाराष्ट्र में ठाकरे बंधुओं की 'विजय रैली'

महाराष्ट्र की राजनीति में शनिवार यानि आज एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिलेगा। दो दशकों के बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक साथ विजय उत्सव के मंच पर नजर आएंगे। यह आयोजन मुंबई के वर्ली स्थित एनएससीआई डोम में किया जा रहा है। यह शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे का विधानसभा क्षेत्र है। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में हिंदी भाषा को अनिवार्य बनाए जाने के निर्णय को वापस लेने के बाद यह आयोजन मराठी अस्मिता की जीत के रूप में मनाया जा रहा है। ठाकरे बंधुओं ने इसे 'मराठी एकता' का प्रतीक बताते हुए इसे एक सांस्कृतिक और भाषाई आंदोलन की जीत बताया है। हालांकि इस ऐतिहासिक आयोजन से कांग्रेस ने साफ तौर पर दूरी बना ली है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि इस रैली में शामिल होना गैर-मराठी वोट बैंक को नाराज कर सकता है, जो मुंबई जैसे बहुभाषी शहर में बेहद निर्णायक भूमिका निभाता है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, पार्टी को यह आशंका है कि यदि वह इस आयोजन का हिस्सा बनती है तो BMC (बृहन्मुंबई महानगरपालिका) चुनाव से पहले उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, गुजराती और अन्य गैर-मराठी समुदायों में नकारात्मक संदेश जा सकता है। इसी रणनीतिक सोच के तहत पार्टी ने तय किया है कि वह न तो मंच साझा करेगी और न ही रैली का औपचारिक समर्थन। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ ने कहा है कि कांग्रेस इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होगी। हालांकि वह हिंदी भाषा को छात्रों पर थोपे जाने के विरोध में शिवसेना (UBT) और एमएनएस के रुख का समर्थन करती है। एनसीपी (शरद पवार गुट) अध्यक्ष शरद पवार भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के चलते उपस्थित नहीं रहेंगे, लेकिन पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले या विधायक जितेंद्र आव्हाड इस आयोजन में भाग लेंगे। जहां एक ओर शिवसेना (UBT) और एमएनएस इस आयोजन को भाषाई अस्मिता और क्षेत्रीय गौरव के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस ने इससे खुद को अलग रखकर यह संकेत दिया है कि वह आगामी निकाय चुनावों में वृहद सामाजिक समीकरणों को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। हालांकि कांग्रेस ने नीति के स्तर पर हिंदी थोपे जाने का विरोध किया है, लेकिन रैली में भाग लेने से इनकार कर यह स्पष्ट कर दिया है कि वह राजनीतिक और भावनात्मक मुद्दों पर फूंक-फूंक कर कदम रखना चाहती है। हाल ही में एमएनएस कार्यकर्ताओं का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वे एक फुटपाथ विक्रेता से मराठी न बोलने पर मारपीट कर रहे थे। वहीं, शिवसेना (UBT) नेता राजन विचारे की मौजूदगी में दो लोगों को एक व्यक्ति से माफी मांगते हुए भी देखा गया। अब इस आयोजन को महाराष्ट्र की राजनीति में एक संभावित बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जहां क्षेत्रीय अस्मिता को केंद्र में रखकर दो प्रमुख मराठी नेताओं का साथ आना आगामी चुनावों में नया समीकरण बना सकता है।

## चिंतन और संवाद



**सत्य के मार्ग की मंजिल क्या है?... सत्य की मंजिल है अभय... निर्भयता ...कुछ भी हो जाए ये आदमी डरेगा नहीं.... जो सत्य के मार्ग पर चला है...**

**जो सत्य के मार्ग पर चलता है उसके हाथ ... गुरु और गोविंद ये दोनों हाथ पकड़ कर रखते हैं....**

**प्रेम के मार्ग की मंजिल है त्याग... त्यागना ही पड़ता है... छोड़ना ही पड़ता है... देना ही पड़ता है ...**

**करुणा की मंजिल है अहिंसा....**

(रामकथा - मानस मार्गी/पू.मोरारी बापू)

## बाल दिवस

# टीनू और चिड़िया का घोंसला



एक समय की बात है, टीनू नाम की लड़की थी जो स्कूल में दिए गए कार्यों में बड़ी रुचि रखती थी। इस साल टीनू के स्कूल में गर्मी की छुट्टियां पड़ने से पहले उसकी टीचर ने सभी को विभिन्न पक्षियों के चित्र दिखाकर चिड़िया पर निबंध लिखने के लिए कहा था। सभी बच्चों को स्कूल खुलते ही निबंध टीचर को दिखाना था।

पक्षियों की रंग-बिरंगी किताब टीनू को बहुत पसंद थी। जब टीचर ने बताया कि उन पर निबंध लिखना है और सबसे अच्छा लिखने वाले को इनाम में वह किताब मिलेगी, तो टीनू खुश हो गई। टीचर ने सभी पक्षियों से जुड़ी कुछ कहानियाँ भी बच्चों को सुनाई। उसके बाद स्कूल की गर्मियों की छुट्टियाँ पड़ गईं।

यूँ तो टीनू हर साल अपनी गर्मी की छुट्टियाँ बिताने के लिए कहीं-न-कही जाती थी। लेकिन इस साल की छुट्टियों में टीनू रोज़ पास के ही बगीचे में जाकर पक्षियों और उनके घोंसले देखने लगी।

उस बगीचे में गोरैया, दर्जिन, लवा जैसे बहुत-से पक्षी आते थे। टीनू बगीचे में आने वाली हर चिड़िया को पहचानने की कोशिश करती और उन्हें ग़ौर देखती रहती।

टीनू देखती थी कि हर चिड़िया एक-एक घास, पत्ती, पंख, आदि को जोड़कर कैसे अपना घोंसला बना रही है। उसके मन में होता था कि चिड़िया को घोंसला बनाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है। टीनू चाहती थी कि वो किसी तरह से उन पक्षियों की मदद करे।

एक दिन टीनू ने देखा कि पास के बगीचे में बदमाश लड़कों ने लवा चिड़ियों का घोंसला तोड़ दिया है। टीनू को यह देखकर बहुत दुख हुआ। उसने सोचा कि क्यों न मैं इनके लिए खुद एक-दो घोंसले बना दूँ। शायद ये इसका इस्तेमाल कर लेंगीं।

टीनू को लगा कि वो कुछ ही देर में घोंसला बनाकर तैयार कर देगी। लेकिन टीनू पूरा दिन तिनकों और दूसरी चीज़ों से चिड़िया का घोंसला बुनती रही। बड़ी मुश्किल से जब घोंसला तैयार हुआ, तो घोंसले को पेड़ पर टिकाने के लिए कुछ मिला नहीं।

टीनू की माँ यह सब देख रही थी। तभी टीनू ने माँ को बताया, "देखिए न, मैंने चिड़िया के लिए एक घोंसला बनाया है। मगर यह उतना सुंदर नहीं है, जितना चिड़िया बनाती हैं। मैंने सोचा था आसानी से एक सुंदर घोंसला बन जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। यह घोंसला अंदर से काफी कठोर बन गया है। क्या आप इसे मुलायम बना देंगी?"

किसी तरह से टीनू की माँ ने उस घोंसले को थोड़ा ठीक किया। उसके बाद टीनू ने उस घोंसले को धागे की मदद से पेड़ पर टिका दिया।

अब बगीचे में बैठकर टीनू लवा पक्षी के आने का इंतज़ार करने लगी। वो पक्षी बगीचे में आए तो, लेकिन टीनू द्वारा बनाया गया घोंसला उन्होंने इस्तेमाल नहीं किया। टीनू के साथ उसकी माँ भी बगीचे में आई थी, उसने टीनू को उदास देखकर कहा, "तुम परेशान मत होना, अभी चिड़िया घोंसले पर आ जाएगी।"

तभी एक लवा पक्षी ने आकर टीनू द्वारा बनाए गए घोंसले को तोड़ दिया। अब टीनू ने मुँह लटका लिया। तब उसे उसकी माँ ने समझाया कि तुम्हें दुखी नहीं होना चाहिए। देखो, तुम्हारे द्वारा इस्तेमाल की गई चीजों से ही लवा पक्षी अपने लिए घोंसला बना रहे हैं। हो सकता है कि इन्हें दूसरों का बनाया हुआ घोंसला पसंद नहीं आता हो।

दुखी मन से टीनू ने कहा, "माँ मैं अपने स्कूल के निबंध में यह सबकुछ लिखूंगी।"

कुछ देर बाद टीनू ने कहा, "माँ आपने देखा कि लवा पक्षी अपना घर झाड़ियों में बना रहे हैं।"

जवाब में टीनू की माँ बोली, "हाँ बेटा, मैंने सुना था कि लवा पक्षी अपना घोंसला किसी के घर के रोशनदान या पेड़ पर ही बनाते हैं। आज यह नई बात पता चली है।"

कुछ और दिनों बाद टीनू ने लवा पक्षियों के बारे में एक और बात जानी कि वो सीधे उड़कर अपने घोंसले में नहीं जाते। घोंसले से कुछ दूर ठहरकर इधर-उधर कूदते हुए वो अपने घोंसले तक पहुँचते हैं, ताकि किसी को उनके घोंसले का पता न चले।

थोड़े ही दिनों में स्कूल की गर्मियों की छुट्टियाँ खत्म हो गईं। टीनू ने स्कूल जाकर लवा पक्षी के बारे में लिखा और निबंध प्रतियोगिता जीत ली। ईनाम में मनपसंद चिड़ियों वाली किताब मिलने पर टीनू खुश हो गई।

प्रतियोगिता जितने के बाद भी टीनू रोज़ चिड़ियों की चहचहाहट सुनने के लिए उस बगीचे में जाकर घंटों बैठती है। मानो उसकी चिड़ियों के साथ दोस्ती हो गई हो।

### कहानी से सीख

चिड़िया के घोंसले की कहानी से यह सीख मिलती है कि छोटी-छोटी बात पर मन दुखी नहीं करना चाहिए। साथ ही आसपास की चीज़ों पर ग़ौर करने से हमें काफ़ी कुछ नया जानने को मिलता है।

Jharkhand

# रामगढ़ में दर्दनाक हादसा, कोयला खदान धंसने से 3 लोगों की मौत, 5 अब भी फंसे

**रामगढ़, (एजेंसी)** झारखंड के रामगढ़ में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक कोयला खदान के धंसने से तीन लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, कोयला खदान में अभी भी 5 लोग फंसे हुए हैं। फंसे हुए लोगों को बचाने का काम किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह कोयला खदान अवैधी थी, क्योंकि सीसीएल ने यहां कोयला खदान का काम बंद कर दिया था, इसके बावजूद 10 लोग कोयला खदान में काम कर रहे थे।

मामला शुक्रवार रात का है। रामगढ़ के कुजू के महुआ टुंगरी इलाके में अवैध कोयला खदान में काम



चल रहा था। इस दौरान बारिश के कारण कोयला खदान भरभराकर धंस गई। धंसने के कारण उसमें काम कर रहे 10 मजदूरों में से 3 की मौत हो गई। मृतकों की पहचान वकील करमाली,, इम्तियाज और निर्मल मुंडा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। मशीनें लगाकर मलबा हटाया जा रहा है। मलबा हटाने के बाद अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला जाएगा। मलबे को हटाने के लिए कई मशीनें लगाई गई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में सीसीएल की बंद हो चुकी खदान में अवैध रूप से कोयला निकालने का काम किया जा रहा था, इस दौरान खदान भरभराकर गिर गई और वहां काम कर रहे लोग अंदर ही फंस गए।

Bihar

# पटना क्लब से लौट रहे बिहार के नामी उद्योगपति की हत्या

## 6 साल पहले बेटे और अब गोपाल खेमका को मार डाला



**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार देर रात बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पटना के गांधी मैदान थाना इलाके में हुई। गोपाल खेमका पटना के जाने-माने व्यवसायी थे और कभी यहां के टॉप अस्पताल रहे मगध हॉस्पिटल के मालिक भी थे। गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की हत्या भी छह वर्ष पूर्व वैशाली के औद्योगिक थाना इलाके में अपराधियों ने गोली मारकर कर दी थी, जिसके बाद काफी बवाल मचा था। गोपाल खेमका वैचारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े भी थे। गोपाल खेमका शुक्रवार रात अपनी कार से रोजाना की तरह पटना क्लब से घर लौट रहे थे। जैसे ही होटल पनाश के पास स्थित अपार्टमेंट के गेट पर उतरे, तभी घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना से इलाके में अफरातफरी का माहौल हो गया। यह घटना शुक्रवार देर रात साढ़े 11 बजे के आसपास की है। घटना के बाद परिजनों ने घायल अवस्था में उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने गोपाल खेमका को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। गोपाल खेमका के छोटे भाई संतोष खेमका ने पुलिस पर बड़ी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के डेढ़ घंटे बाद गांधी मैदान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

Rajasthan

# ठेले से कार की टक्कर पर भड़का विवाद, कार चालक की पीट-पीटकर हत्या, छावनी में तब्दील हुआ कस्बा

**भीलवाड़ा, (एजेंसी)** भीलवाड़ा के जहाजपुर कस्बे में शुक्रवार रात एक कार की ठेले से हल्की टक्कर के बाद भीड़ ने कार सवार युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक टोंक के छावनी कस्बे का निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद कस्बे में तनाव फैल गया, बाजार बंद हो गए और गुस्साए लोगों ने थाने के बाहर देर रात तक धरना प्रदर्शन किया। हालात काबू में रखने के लिए इलाके में 10 थानों की पुलिस तैनात की गई है। पुलिस के मुताबिक टोंक के छावनी निवासी 25 वर्षीय सीताराम कीर अपने तीन दोस्तों सिकंदर, दिलखुश और दीपक के साथ जहाजपुर में एक रिश्तेदार से मिलने आए थे। शाम करीब 7:30 बजे बस स्टैंड के पास उनकी कार एक सब्जी के ठेले से टकरा गई, जिससे ठेला पलट गया और इसे लेकर ठेले के मालिक शरीफ मोहम्मद के साथ उनका विवाद हुआ, जो जल्द ही हिंसक झगड़े में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान मौके पर एक पक्ष के करीब 20 लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने कार चालक सीताराम को खींचकर बाहर निकाला और सड़क पर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

Jammu & Kashmir

# अमरनाथ यात्रा के दौरान बसों की टक्कर, 36 लोग घायल, नाश्ते के लिए रुका था काफिला

**रामबन, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार सुबह एक दुखद हादसे में अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे तीर्थयात्रियों की बसों के काफिले में टक्कर हो गई, जिसमें 36 तीर्थयात्री घायल हो गए। यह हादसा चंद्रकोट लंगर स्थल के पास उस समय हुआ, जब यात्रा का काफिला नाश्ते के लिए रुका था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब तीर्थयात्रियों के काफिले में शामिल एक बस ने चार खड़ी बसों को पीछे से टक्कर मार दी।**

पुलिस के अनुसार, तीर्थयात्रियों का काफिला नाश्ते के लिए निर्धारित विश्राम स्थल चंद्रकोट में रुका हुआ था। इसी दौरान एक चलती बस के चालक ने नियंत्रण खो दिया और वह खड़ी बसों से जा टकराई, जिससे कई बसों को क्षति पहुंची



और यात्रियों को चोटें आईं। रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) कुलबीर सिंह ने बताया, "काफिला नाश्ते के लिए चंदरकोट में रुका हुआ था। इसी दौरान पीछे से आई एक बस चार खड़ी बसों से टकरा गई। हादसे में लगभग 36 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को मामूली चोटें आई हैं।"

खेल

# तीसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 407 पर ढेर, सिराज-आकाश की शानदार गेंदबाजी

## ◆ भारत को 244 रन की बढ़त



**बर्मिंघम, (एजेंसी)** भारत ने तीसरे दिन 244 रनों की बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 407 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे, इस आधार पर उन्हें 180 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भारत ने स्टंप्स तक एक विकेट पर 64 रन बना लिए हैं। केएल राहुल 38 गेंदों में 28 और करुण नायर 18 गेंदों में सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दूसरी पारी में भारत को पहला झटका जोश टंग ने दिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को अपना शिकार बनाया। वह 22 गेंदों में छह चौके की मदद से 28 रन बना पाए। उन्होंने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी निभाई।

**इंग्लैंड की पहली पारी-** इंग्लैंड ने तीसरे दिन के खेल की शुरुआत 77/3 के स्कोर से की थी। उन्हें शुरुआत में ही दो झटके लगे थे। मोहम्मद सिराज ने दिन के दूसरे ओवर में ही इंग्लैंड को लगातार दो झटके दिए। पहले उन्होंने जो रूट (22) को पंत के हाथों कैच कराया। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स को भी पवेलियन की राह दिखाई। वह खाता भी नहीं खोल पाए। 84 के स्कोर पर पांच विकेट खो चुकी इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ संकटमोचक साबित हुए। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 368 गेंदों में 303 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान जेमी स्मिथ ने 80 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक पूरा किया जबकि स्मिथ ने 137 गेंदों में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया।

दूसरे सत्र का खेल 355/5 के स्कोर पर समाप्त हुआ था। हालांकि, तीसरे सत्र में आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को अपना शिकार बनाया और स्मिथ के साथ हुई 300 से ज्यादा रनों की साझेदारी को तोड़ा। ब्रूक 234 गेंदों में 17 चौके और एक छक्के की मदद से 158 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, स्मिथ 207 गेंदों में 21 चौके और चार छक्के की मदद से 184 रन बनाकर नाबाद रहे। आकाश दीप ने स्मिथ के अलावा तीसरे सत्र में क्रिस वोक्स को करुण नायर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ पांच रन बना पाए। इसके बाद सिराज ने ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर को पवेलियन की राह दिखाई।

सिनेमा

# खून से लथपथ चेहरा-हाथ में नुकीला हथियार, गलवान की लड़ाई पर्दे पर दिखाने के लिए तैयार सलमान, अनाउंस की नई फिल्म



सलमान खान के फैंस के लिए एक बड़ी गुड न्यूज सामने आई है. 'सिकंदर' के बाद, बॉलीवुड के भाईजान ने अपनी अगली फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है. उनकी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का ऑफिशियल मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है जिसमें सलमान का लुक सामने आया. ये फिल्म अपूर्व लाखिया डायरेक्ट करने वाले हैं. इस साल सलमान 'सिकंदर' फिल्म लेकर आए जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. ये फिल्म उनके करियर की भी सबसे बड़ी फ्लॉप थी. सलमान को इस फिल्म से काफी ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा था. जिसके बाद खबर थी कि उन्होंने करियर से संबंधित कुछ कड़े फैसले लिए. ऐसा सुनने में आया कि सुपरस्टार अब अपूर्व लाखिया संग गलवान वैली पर फिल्म बनाएंगे. पिछले काफी समय से इससे जुड़ी अपडेट्स भी सामने आईं. हाल ही में सलमान ने एक पोस्ट शेयर भी किया जिसमें वो अपनी फिल्म का पोस्टर टीज करते नजर आए. अब फाइनली वो इसे ऑफिशियली सभी के सामने प्रेजेंट कर चुके हैं. इस अनाउंसमेंट टीजर में उनका पूरा चेहरा खून से लथपथ नजर आता है. सलमान के हाथ में एक हथियार भी है जिससे वो दुश्मनों का खात्मा कर रहे हैं.

## Highlights

1. **Ensure no 'spit jihad' in Kanwar Yatra: Dhami to U'khand officials**
2. **Owner of ₹7.5-cr red Ferrari supercar evades road tax, made to pay ₹1.4 cr in B'luru**
3. **Post claiming White House denied EAM's request to meet Trump fake**
4. **Maha govt orders BMC to immediately close pigeon feeding zones**
5. **He had 44 external injuries: Autopsy of guard killed in custody in Tamil Nadu**

# How did US trader Jane Street allegedly cheat Indian markets to make ₹36,500 crore

**NEW DEIHI, (Agency).** The Securities and Exchange Board of India (SEBI) has taken unprecedented action against Jane Street, one of the world's largest quantitative trading firms. The regulator has banned the US-based company and its affiliated entities from the Indian securities market and ordered them to return ₹4,843 crore in alleged unlawful profits. Jane Street has denied the accusations.

**What is Jane Street, and how big is it?-** Jane Street is a global proprietary trading firm founded in 2000. It has over 3,000 employees and offices across the US, Europe, and Asia. The firm operates in 45 countries. Its footprint in Asia is growing rapidly, especially in Hong Kong.

According to a Reuters report, Jane Street had an annual revenue of $20.5 billion last year.

**Jane Street's operations in India-** According to SEBI, Jane




Street's trading activity in India has been substantial. Between January 2023 and March 2025, it earned nearly $5 billion (about ₹36,671 crore) through index options trading.

Out of this, ₹4,843 crore is now under investigation as unlawful gains.

Jane Street first gained wider attention in India in 2023 when it sued Millennium Management, a rival hedge fund, in a US court. The case revealed that Jane Street had developed a profitable India-based options trading strategy, which earned it $1 billion in 2023 alone. The two firms settled the dispute later that year.

Besides that, media reports in April 2024 raised concerns about Jane Street's use of proprietary trading strategies in India.

After that, the regulatory body examined the firm's trading behaviour and issued a detailed interim order in July 2025.

**What did the SEBI investigation reveal?-** SEBI's interim order outlines serious allegations. News agency PTI reported that Jane Street is accused of manipulating index levels—especially the Nifty and Bank Nifty—on 21 different expiry days between January 2023 and May 2025.

# Man's spot-on mimicry of Nikhil Kamath makes Zerodha billionaire go ROFL. Viral video

**NEW DEIHI, (Agency).** A content creator's spot-on imitation of Nikhil Kamath from his hugely popular podcast has caught the attention of the Zerodha co-founder himself. Rohit Raghvendra on Thursday shared a video on Instagram of him mimicking Kamath's signature style of speaking with guests on the "WTF is" podcast.

"You can't ask such intense questions while also serving me some fancy food, I can only focus on one thing," the content creator said in the caption of the video, which is quickly going viral. The food reference was a nod to the elaborate meals often served to Kamath and his guests during the



course of the interviews that run over two hours.

In Raghvendra's case, the creator simply placed in front of him a banana with a fork.

Among the several points he spoke in Kamath's style, Raghvendra pretended to be asking intense questions to someone working in the creator economy.

In the hilarious video, the Instagram comic picked up Kamath's tone and body language while delivering his mock-deep questions.

The first question was: "What's your advice to someone who went viral for slapping their brother in a Rakshabandhan reel but now wants to start a meditation podcast?"

He also asked his imaginary guest for a "mental model" that a rickshaw driver in Delhi could use to build a creator economy model side-hustle.

Rohit Raghvendra's video found its way to Nikhil Kamath hours after he published it on Instagram. The Zerodha billionaire dropped a "rolling on the floor laughing" emoji in the comments.

Among others who reacted to the spoof was BharatPe co-founder Ashneer Grover. "Hilarious," said the Instagram-savvy former Shark Tank India judge.





स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक